हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
मंगलवार 12 मई 2026 बर्ष 02 अंक 125 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

अनमोल वचन
साहसी होने का मतलब डर को नकारना नहीं, डर का सामना करना है। – अमिताभ बच्चन

## आधुनिक स्वरूप में निखरा नालंदा संग्रहालय 18 मई से पर्यटक लेंगे डिजिटल इतिहास का आनंद

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को संजोए 'पुरातत्व संग्रहालय नालंदा' अब अपने नये और आधुनिक अवतार में पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। करीब 27 महीनों के लंबे इंतजार और व्यापक जीर्णोद्धार के बाद आगामी 18 मई (अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस) को इसे खोल दिया जाएगा। सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद मधुकर ने आधुनिकीकरण कार्यों का जायजा लिया और तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। अतिरिक्त महानिदेशक ने बताया संग्रहालय का मूल ढांचा 1910 का बना है। 100 साल से अधिक पुराना होने के कारण भवन जर्जर हो चुका था और छतों से रिसाव की समस्या थी। इसे ढहाना संभव नहीं था, इसलिए इसे वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षित किया गया है ताकि यह अगले 100 वर्षों तक सुरक्षित रहे। अब पर्यटक इसे बिल्कुल नए 'लुक' में देख सकेंगे। संग्रहालय को चार मुख्य हॉल (गैलरी) में बांटा गया है, जहां खुदाई में प्राप्त 334 बेशकीमती अष्टधातु व पत्थर की प्रतिमाओं को प्रदर्शित किया गया है। आधुनिकता का समावेश करते हुए हर गैलरी में इंटरएक्टिव टच स्क्रीन और टैबलेट लगाए गए हैं। जो पर्यटक किसी कलाकृति के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं, वे स्क्रीन पर टच कर उसकी पूरी हिस्ट्री जान सकेंगे। परिसर में एक विशेष 'अनुभव केंद्र' बनाया गया है। यहां पर्यटकों को 10 मिनट की एक शॉर्ट फिल्म दिखाई जाएगी, जो नालंदा के गौरवशाली इतिहास और इसकी शैक्षणिक परंपरा को दर्शाएगी।



प्रवेश द्वार पर ही नालंदा की प्रसिद्ध 'सील' (मुहर) को पांच भाषाओं की लिपि में उकेरा गया है। निरीक्षण के दौरान संग्रहालय निदेशक बसंत स्वर्णकार, डॉ. हरिओम शरण, वीरेंद्र कुमार, पुरातत्व अभियंता श्रवण कुमार, श्याम सुंदर चौधरी, विज़राटेक के सीईओ अनुज कौशल, प्रोजेक्ट हेड अंकित जहांगीर और सुवनित लखेरा सहित कई अधिकारी व अभियंता मौजूद थे।





## प्रेम-प्रसंग में किशोरी संग युवक ने रचाई शादी, पिता ने दर्ज कराया अपहरण का केस

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता भीम राम, जो बिंद थाना क्षेत्र के ननौर गांव के निवासी हैं, ने बताया कि वे हरनौत बाजार के पटेल नगर मोहल्ले में किराये के मकान में रहते हैं और एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बीते 3 मई की सुबह करीब चार बजे जब वे अपनी पुत्री को जगाने कमरे में पहुंचे, तो दरवाजा खुला मिला और बेटी गायब थी। पिता ने गोखुलपुर थाना क्षेत्र के गंगटा गांव निवासी बलराम पासवान के पुत्र शिशुपाल कुमार पर बहला-फुसलाकर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया है। मामले की जांच एएसआई गौतम कुमार को सौंपी गई है। वहीं आरोपी युवक शिशुपाल कुमार का कहना है कि दोनों के बीच पिछले एक साल से प्रेम संबंध था। उसने बताया कि दोनों एक ही मकान में किराये पर रहते थे, इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। युवक के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले दोनों हरियाणा के पानीपत स्थित एक मंदिर में जाकर शादी कर चुके हैं। युवक ने यह भी दावा किया कि किशोरी ने वीडियो बयान जारी कर उसके साथ रहने की इच्छा जताई है और अपने माता-पिता के घर वापस नहीं जाने की बात कही है। इधर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## वाहन जांच के दौरान स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को बीएस/स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, हरनौत थाना में तैनात पुअनि प्रमोद कुमार शनिवार की शाम करीब पौने सात बजे लोयोला स्कूल के पास रांची रोड पर वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान अपाचे बाइक (बीआर 01 जेक्यू 6317) पर सवार एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा।पुलिस को संदेह होने पर सशस्त्र बल के जवानों ने युवक का पीछा किया और सरकारी अस्पताल के सामने स्थित आदर्श नगर मोड़ के पास उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पुड़िया बीएस/स्मैक बरामद किया गया। सभी पुड़िया एल्युमिनियम फॉयल पेपर में पैक थीं। पुलिस के अनुसार, प्रत्येक पुड़िया की कीमत करीब 400 रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान सबनहुआडीह निवासी स्वर्गीय विलास यादव के 22 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## मंत्री बनने पर श्रवण कुमार को राजवंशी समाज ने किया अभिनंदन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार को मंत्री बनाये जाने पर भारतीय रजवार समाज धर्मशाला राजगीर में राजवंशी समाज के ला.`गों द्वारा अभिनंदन किया गया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विकास के पथ पर आगे करने का काम किया। दलित व महादलितों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। सूबे में हर वर्ग, समाज व धर्म के ला.`गों का विकास हुआ। सूबे में अमन चौन कायम किया। इसका प्रतिफल है कि आज लोग समाज की मुख्यधारा से जुड़कर काम कर रहे हैं। हर कोई रोजगार से जुड़कर अपनी जीविकोपार्जन करने में लगे हैं। मंत्री ने कहा कि पहले बिहार में लोग आने से कतराते थे पर नीतीश कुमार ने ऐसी व्यवस्था की और पर्यटक स्थलों का विकास किया की लोग अब यहां पर गोवा से भी अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलता है। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर आम आवाम को भी रा.`जगार के अवसर खुलते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं आज जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं हैं। अपने परिवार को बेहतर तरीके से चलाने में मदद कर रही हैं। सूबे की सरकार विकास को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। नीतीश कुमार ने राजगीर को विश्व पटल पर उभारने का काम किया है। यहां पर ऐसी कई योजनाएं चल रही है जिससे अंतरराष्ट्रीय पहचान बनेगी। लोगों को कई तरह के रोजगार के अवसर मिलेंगे।



रजवार समाज के अध्यक्ष वालेश्वर राजवंशी उर्फ कारू राजवंशी ने मंत्री श्रवण कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर नगर परिषद के सभापति जीरो देवी, रजवार समाज के अध्यक्ष वालेश्चर राजवंशी उर्फ कारू राजवंशी , जदयू नेता सुबेन्द्र राजवंशी, रजवार समाज के श्यामदेव राजवंशी, जदयू नेता मुन्ना कुमार, संपति राजवंशी, मंजू देवी, बिरजू राजवंशी, मिथलेश राजवंशी, छोटे राजवंशी, चंदन राजवंशी, उदय राजवंशी, अरुण राजवंशी, वार्ड पार्षद कविता कुमारी, वार्ड पार्षद मनीषा कुमारी, विनोद राजवंशी, आनंदी राजवंशी सहित अन्य मौजूद थे।






अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# सैनिक स्कूल नालंदा में अंतर–सैनिक स्कूल हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** सैनिक स्कूल में सोमवार को चार दिवसीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल–कूद (ग्रुप स्तरीय) हॉकी प्रतियोगिताश का रंगारंग उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कर्नल भूपेन्द्र कुमार ने मुख्य परेड ग्राउंड में किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तीन राज्यों के चार सैनिक स्कूलों के कुल 192 छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। इसमें बिहार से सैनिक स्कूल नालंदा और सैनिक स्कूल गोपालगंज, झारखंड से सैनिक स्कूल तिलैया और पश्चिम बंगाल से सैनिक स्कूल पुरुलिया की टीमें शामिल हैं। प्रतिभागी खिलाड़ी बालक (वरिष्ठ/कनिष्ठ) एवं बालिका वर्ग में अपने–अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्राचार्य कर्नल भूपेन्द्र कुमार ने कहा कि खेलों का व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान है। इससे सैन्य छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का संचार होता है। उन्होंने भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया।



**विजेता टीमें भुवनेश्वर में करेंगी प्रतिनिधित्व** ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 14 मई तक चलेगी। इस ग्रुप स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीमें आगामी जून माह में सैनिक स्कूल भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली श्अखिल भारतीय सैनिक स्कूल अंतर–ग्रुप प्रतियोगिताश में अपने ग्रुप का प्रतिनिधित्व करेंगी। उद्घाटन के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट पेश किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ले० कर्नल अमित कुमार त्यागी, शिक्षक, प्रतिभागी छात्र–छात्राएं एवं विद्यालय के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# चंडी में महिला के साथ मारपीट का आरोप, आंगनबाड़ी सहायिका समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी की मांग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** चंडी थाना क्षेत्र के मोकीमपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर एक महिला और उसकी बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने चंडी थाना में व्हॉट्सप के माध्यम से आवेदन देकर आंगनबाड़ी सहायिका सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता मनोरमा देवी, पति स्व. रामजतन जमादार, निवासी मोकीमपुर, थाना चंडी, जिला नालंदा ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 11 मई 2026 की सुबह करीब 9:38 बजे गांव के ही कुछ लोग उनके घर में घुस आए और गाली–गलौज करते हुए हमला कर दिया। आवेदन के अनुसार, आरोपितों में गांव की आंगनबाड़ी सहायिका उषा सिन्हा, उनके पति सुरेंद्र कुमार, पुत्र प्रिंस राज, पुत्री सोनी कुमारी एवं नीपा कुमारी शामिल हैं। पीड़िता का आरोप है कि सभी ने मिलकर उन्हें और उनकी बहू उर्मिला कुमारी को लाठी–डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि मारपीट के दौरान उनकी बहू उर्मिला कुमारी के गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। वहीं बीच–बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य लोगों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। घटना के बाद परिवार के लोग डरे और सहमे हुए हैं। मनोरमा देवी ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि इससे पहले भी आरोपित पक्ष द्वारा उनके परिवार के साथ मारपीट और गाली–गलौज की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरेंद्र कुमार शराब पीकर अक्सर विवाद करते हैं तथा परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते रहते हैं। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मामले में थानाध्यक्ष अखलेश कुमार झा ने बताया की आवेदन व्हाट्सएप के द्वारा मिली है वही आवेदन मिलने के बाद चंडी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# नूरसराय में विकास कार्य ठप, अधूरी सड़कों और धूल से परेशान लोग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। सड़क निर्माण से लेकर नाला निर्माण तक कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि आम जनता धूल, जलजमाव और खराब सड़कों की समस्या से जूझने को मजबूर है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नूरसराय अस्पताल से भागन विगहा तक बनने वाली सड़क का कालीकरण कार्य महीनों से बंद पड़ा हुआ है। सड़क का शिलान्यास हुए करीब नौ महीने बीतने वाले हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। अधूरी सड़क के कारण राहगीरों और आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उड़ती धूल से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा संगत तालाब, गोदाम गबड़ा क्षेत्र की जल निकासी के लिए प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। कई अन्य नाला निर्माण योजनाओं की स्थिति भी यही है। ला. `गों का कहना है कि बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या और गंभीर हो जाती है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग और ठेकेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य को लेकर बड़े–बड़े दावे किए गए थे। पांच साल तक रखरखाव सहित बेहतर सड़क निर्माण की बातें कही गई थीं, लेकिन हकीकत यह है कि निर्माण कार्य अब तक पूरा भी नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि अधिकारी और ठेकेदार गहरी नींद में सोए हुए हैं और आम जनता को सिर्फ आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# जन शिकायतों के त्वरित समाधान पर डीएम सख्त अधिकारियों को जवाबदेही के साथ काम करने का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा के जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक की। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन, सेवा संवाद कार्यक्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन, मलमास मेला–2026 की तैयारियों तथा विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सरकारी कार्यालयों में सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर देने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर लगाया जाएगा। इसी क्रम में 19 मई 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोग सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 एवं पोर्टल sahyog-bihar-gov-in के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने खनन, अवैध परिवहन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, भू–माफियाओं, निबंधन कार्यालयों तथा सरकारी कार्यों में बिचौलियों की भूमिका पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छापेमारी अभियान चलाकर भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्स–रे समेत सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चालू रहें। खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मरीजों को रेफर करने की सूची तैयार करने और स्टोर पंजी अपडेट रखने का भी निर्देश दिया गया। राणा बिगहा, चंडी में हेल्थ सेंटर निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने को भी कहा गया।



शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। वहीं स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पछुआ हवा के कारण खेतों और खलिहानों में आग लगने की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण के लिए अग्निशमन दस्ता पूरी तरह सक्रिय रहे और व्यापक प्रचार–प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कृषि पदा. धिकारी को प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर किसानों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों तक सोलर सिस्टम का लाभ पहुंचाने पर बल दिया गया।



आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि शीघ्र उपलब्ध कराने तथा बाढ़ पूर्व तटबंधों की मरम्मत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। मलमास मेला–2026 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। मेले की तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा राजस्व एवं भूमि सुधार, मद्य निषेध, आपूर्ति विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, सीपीग्राम और मानवा. धिकार से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं आईसीडीएस विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# जमीनी विवाद में व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या गांव में तनाव; पुलिस ने एक को लिया हिरासत में

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के कुबड़ा बीघा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल कायम हो गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुबड़ा बीघा गांव निवासी कमलेश मांझी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, कमलेश मांझी का गांव के ही कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर रविवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि विरोधियों ने कमलेश मांझी के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आनन–फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव




को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। वहीं, घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है।डीएसपी सदर–02 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिस को कुबड़ा बीघा गांव में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है तथा अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मलमास मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम जू–सफारी से घोड़ाकटोरा तक प्रशासन अलर्ट

**केशववाणी राजगीर।** ऐतिहासिक मलमास मेले में इस वर्ष उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जू–सफारी से लेकर घोड़ाकटोरा, विश्व शांति स्तूप, नेचर सफारी और जेपी उद्यान सहित सभी प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। राजगीर जू–सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम. एवं डीएफओ राजकुमार एम. ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मेले के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और पर्यटकों की सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन इस बार अग्नि सुरक्षा और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। जू–सफारी और आसपास के घने वन क्षेत्रों में आग लगने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी विभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित राहत दल की तैनाती की गई है और सुरक्षा कर्मियों को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने बताया कि वन क्षेत्रों और ऐतिहासिक स्थलों के आसपास भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल के साथ–साथ समन्वयकों की भी तैनाती की जाएगी। इसका उद्देश्य धक्का–मुक्की, भगदड़ और जाम जैसी स्थिति को रोकना है। इस बार मेले में स्वच्छता और वन्यजीव संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पूरे मेला क्षेत्र में पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार निगरानी करेंगी। साथ ही पर्यटकों से भी साफ–सफाई बनाए रखने की अपील की जाएगी। वेणुवन, सोन भंडार, जरासंध अखाड़ा और अन्य पौराणिक स्थलों पर भी पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस बार मलमास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी।

# ज्ञान भारतम् के माध्यम से विश्व तक पहुंचेगी भारत की प्राचीन विद्या – प्रो. सिद्धार्थ सिंह

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान–परंपरा और बौद्धिक विरासत को श्ज्ञान भारतम्श पहल के जरिए वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी। वे दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित दिल्ली नालंदा डायलॉग 2026 में विशिष्ट वक्ता के रूप में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम नालंदा लिटफेस्ट 2026–27 के अंतर्गत आयोजित किया गया था। डिकोडिंग नालंदा ज्ञान भारत को संबोधित करते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि नालंदा केवल शिक्षा का केंद्र मात्र नहीं था, बल्कि यह वैश्विक बौद्धिक संवाद, करुणा और सह–अस्तित्व का जीवंत प्रतीक था। प्राचीन नालंदा की शैक्षणिक नींव तर्क और बहुभाषिक अध्ययन पर टिकी थी, जिसने पूरे एशिया को राह दिखाई। कुलपति ने ज्ञान भारत को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान बताते हुए कहा कि हमारी प्राचीन पांडुलिपियां, बौद्ध ग्रंथ और ताड़पत्र साहित्य विश्व मानवता की अमूल्य धरोहर हैं। आज के समय में इनका संरक्षण, डिजिटलीकरण और विदेशी भाषाओं में अनुवाद कर इनका वैश्विक प्रसार करना बेहद जरूरी हो गया है। प्रो. सिंह ने बताया कि नव नालंदा महाविहार प्राचीन



नालंदा विश्वविद्यालय की परंपरा को आधुनिक संदर्भों में आगे बढ़ा रहा है। यहां बौद्ध अध्ययन, पालि, संस्कृत, तिब्बती अध्ययन और भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे विषयों में शोध कार्यों को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को सुझाव दिया कि वे अपनी बौद्धिक विरासत को समझें, क्योंकि यह केवल हमारा अतीत नहीं बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी है। संवाद में प्रो. हिमांशु प्रभा रे, प्रो. आनंद सिंह और डॉ. शशांक शेखर सिन्हा जैसे विद्वानों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नालंदा की बहुआयामी विरासत और पांडुलिपि संस्कृति पर सार्थक चर्चा हुई।

# सूफीनगर गोलीकांड का खुलासा, जमीन विवाद में हुई थी हत्या; हथियार बरामद

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार थाना क्षेत्र के सूफीनगर मोहल्ले में 23 अप्रैल को हुई चर्चित गोलीबारी और हत्या मामले का नालंदा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने रिमांड पर लिए गए मुख्य आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपित बेचू मियां उर्फ लंगड़ा और मन्नू ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल को सूफीनगर इलाके में बदमाशों ने सरेआम फायरिंग कर मोहम्मद सोहन और उनके पुत्र अली फरहान को गोली मार दी थी। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को आनन–फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अगले दिन मोहम्मद सोहन की मौत हो गई थी। वहीं उनके पुत्र अली फरहान की स्थिति में सुधार होने के बाद उनकी जान बच गई। घटना के बाद से बिहार थाना पुलिस लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस की लगातार दबिश और घेराबंदी के कारण मुख्य आरोपितों ने बाद में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ शुरू की। बिहार थाना के थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पूछताछ में इस हत्याकांड की मुख्य वजह जमीन विवाद सामने आई है। जांच में पता चला कि बड़ी दरगाह इलाके के समीप स्थित एक जमीन को लेकर मोहम्मद सोहन और मोहम्मद एहतिशाम के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। एहतिशाम नहीं चाहता था कि सोहन उस जमीन को बेचें। इसी को लेकर उसने बेचू मियां को सोहन को रोकने की जिम्मेदारी दी थी। इसके एवज में बेचू मियां को 80 हजार रुपये देने की बात तय हुई थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बेचू मियां द्वारा कई बार मना करने के बावजूद जब मोहम्मद सोहन ने जमीन बेच दी, तो विवाद और गहरा गया। घटना वाले दिन इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। आरोप है कि उसी दौरान नशे की हालत में धुत बेचू मियां ने मोहम्मद सोहन पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। वहीं घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर अनुसंधान जारी है और जल्द ही अन्य आरोपितों पर भी कार्रवाई की जाएगी।




# STET–2025 रिजल्ट कार्ड वितरण 12 मई से, डीईओ कार्यालय ने जारी की सूचना

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET–2025) के रिजल्ट कार्ड वितरण को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा कार्यालय की ओर से आवश्यक सूचना जारी की गई है। जारी निर्देश के अनुसार, अभ्यर्थियों को उनका रिजल्ट कार्ड 12 मई 2026 से 18 मई 2026 तक जिला शिक्षा पदा. धिकारी कार्यालय, नालंदा कॉलेजिएट, गढ़पर, बिहारशरीफ में वितरित किया जाएगा। रिजल्ट कार्ड वितरण का कार्य अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए पेपर–1 एवं पेपर–2 के लिए अलग–अलग काउंटर बनाए गए हैं तथा रोल नंबर के अनुसार वितरण तिथि निर्धारित की गई है। कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, पेपर–1 के अभ्यर्थियों के लिए चार काउंटर बनाए गए हैं। काउंटर संख्या–01 पर रोल नंबर 2512000001 से 2512002458 तक के अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर रिजल्ट कार्ड दिया जाएगा। वहीं काउंटर संख्या–02 पर रोल नंबर 2512002459 से 2512004831 तक, काउंटर संख्या–03 पर 2512004834 से 2512007658 तक तथा काउंटर संख्या–04 पर 2512007660 से 2512011985 तक के अभ्यर्थियों को रिजल्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।इसी प्रकार पेपर–2 के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं। काउंटर संख्या–05 पर रोल नंबर 2512000005 से 2512003911 तक, काउंटर संख्या–06 पर 2512003913 से 2512007142 तक तथा काउंटर संख्या–07 पर 2512007149 से 2512011993 तक के अभ्यर्थियों को रिजल्ट कार्ड वितरित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, नालंदा ने बताया कि रिजल्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र अथवा परीक्षाफल की वेब कॉपी के साथ फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही पहचान पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति भी जमा करनी होगी। स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को रिजल्ट कार्ड नहीं दिया जाएगा। साथ ही किसी अन्य व्यक्ति को भी रिजल्ट कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग ने सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर अपना रिजल्ट कार्ड प्राप्त करने की अपील की है।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# हिलसा की ऐतिहासिक धर्मशाला की अवैध बिक्री का आरोप ग्रामीणों में भारी आक्रोश; आंदोलन की चेतावनी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के हिलसा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पुरानी ऐतिहासिक रामबाबू धर्मशाला की कथित अवैध बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भूमाफियाओं द्वारा धर्मशाला की जमीन को गलत तरीके से बेचा जा रहा है, जबकि यह सार्वजनिक और सामाजिक उपयोग की संपत्ति है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक आयोजित कर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुरानी रामबाबू धर्मशाला क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर मानी जाती है। पहले यहां बाहर से आने वाले यात्रियों और जरूरतमंद लोगों के ठहरने की व्यवस्था होती थी, लेकिन अब धीरे–धीरे इस जमीन पर अवैध कब्जा और खरीद–बिक्री का खेल शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूमाफियाओं ने धर्मशाला की जमीन को टुकड़ों में बेच दिया है और कई लोगों के नाम रजिस्ट्री भी करा दी गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में कुछ सरकारी कर्मियों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिनके नाम पर रजिस्ट्री कराई गई है। लोगों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया नियमों के विरुद्ध है और प्रशासन की लापरवाही के कारण




भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ता जा रहा है।मामले को लेकर आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कहा कि यदि जल्द ही अवैध रजिस्ट्री को रद्द कर कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। लोगों ने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। स्थानीय निवासी रिशु पटेल ने कहा कि धर्मशाला सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है। इसे बचाने के लिए ग्रामीण एकजुट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता है तो लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीण प्रशासन से निष्पक्ष जांच और अवैध खरीद–बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# नेहुसा में दो ट्रांसफार्मर जलने से बिजली गुल



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा गांव में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के पास एवं दक्षिण टोला में लगा दो विद्युत ट्रांसफार्मर अचानक जल जाने से पंचायत के दो वार्ड अंधेरे में डूब गये है।ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण नेहुसा पंचायत के वार्ड संख्या 11 और 12 में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गयी है. ।इससे क्षेत्र के तकरिब पांच सौ उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो गये हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। घरों में लगे मोटर नहीं चल पाने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभ‍ाावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में अंधेरा रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ते लोड एवं पुराने उपकरणों के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर जलने की समस्या बनी रहती है। इधर कल्याण बिगहा सब पावर हाउस के कनिय अभियंता ने बताया कि जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलने के लिए शिकायत प्राप्त हो गया है।उसका तकनीकी कर्मियों द्वारा जल्द ही उसे स्थापित कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के मेयार गांव निवासी दिनेश राजवंशी (55) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक पिछले दो–तीन दिनों से घर में अकेले रह रहा था, जबकि उसके परिजन बाहर गए हुए थे। स्थानीय लोगों ने घर से दुर्गंध आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव फूला हुआ पाया गया। उसके शरीर से तेज दुर्गंध निकल रही थी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या घाव के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा अभी नहीं हो सका है। मृतक के शराब सेवन करने की भी बात सामने आई है, जिसे जांच का हिस्सा बनाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। टीम ने मौके से विभिन्न नमूने एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्त. विक कारणों का पता चल सकेगा।

# पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, जमाखोरी पर होगी कड़ी कार्रवाई

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में रसोई गैस की कमी और कुछ पेट्रोल पंपों के बंद होने की सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों एवं जिला के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पेट्रोल–डीजल और एलपीजी गैस की उप. लब्धता, आपूर्ति व्यवस्था तथा आगामी राजगीर मलमास मेला 2026 को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं। तीनों तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है और खपत के अनुरूप लगातार आपूर्ति जारी है। जिला पदाधिकारी ने सभी तेल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों को निर्देश दिया कि वे बढ़ती मांग को देखते हुए अपने वरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही पेट्रोल पंपों पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक रखने के लिए भी कहा गया। डीएम ने निर्देश दिया कि यदि वितरण में किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल वरीय अधिकारियों से संपर्क कर उसका समाधान करें और इसकी जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भी दें, ताकि विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में नोडल पदाधिकारी एलपीजी ने बताया कि जिले में कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रतिदिन औसतन 8602 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 17 मई 2026 से वैश्विक राजगीर मलमास मेला शुरू होने जा रहा है।



ऐसे में होटल, सामुदायिक रसोई और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए सभी कंपनियों को पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर स्टॉक में रखने का निर्देश दिया गया है।डीएम ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के कई वार्डों, सिलाव डीह, सिलाव बाजार, नया गंज, कराह बाजार, हैदरगंज तथा राजगीर के पंचवटी नगर, स्टेशन क्षेत्र, कृष्णापुरी, पटेल नगर, अशोक नगर और विरायतन रोड सहित कई इलाकों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इसके अलावा न्यू नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार पुलिस अकादमी और आयुध कारखाना में भी पीएनजी पाइप. लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन द्वारा ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोग कनेक्शन ले रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम कर सुरक्षित और निर्बाध गैस आपूर्ति उपलब्ध कराना है। अब तक जिले में 1880 लोगों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। डीएम ने इंडियन ऑयल–अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि बिहारशरीफ, सिलाव और राजगीर के उन क्षेत्रों में जहां आवासीय विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई और आंगनबाड़ी केंद्र संचा. लित हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी संचा. लित किया जा रहा है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की कि यदि कहीं पेट्रोल–डीजल या एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति या संस्थानों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल के तीसरी घंटी में दो छात्रा बेहोश ,बुनियादी अवसंरचना की भी कमी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित कन्या मध्य विद्यालय बीच बाजार में सोमवार सुबह आठ बजकर 52 मीनट में यानि तीसरी घंटी के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई जब वर्ग छः छात्रा रिकुं और प्रियंका बेहोश हो गई । विद्यालय के प्रधानाध्यापक महारानी देवी ने बताया कि अचानक छात्रा बेहोश हो कर गिर गई। तत्काल ही छात्रा को होश में लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। परिजन विद्यालय आकर छात्रा को इलाज के लिए अपने साथ लेकर गए। उन्होंने कहा कि स्कूल में वर्ग पहला से आठवीं तक तकरीबन दो सौ बच्चे उपस्थित थे।जिसे पढ़ाने के लिए मात्र आठ शिक्षक–शिक्षिकाएं में से दो उपस्थित थे। बाकि पांच जनगणना कार्य 2027 में प्रतिनियुक्त है। जबकि एक शिक्षक बिमार है। उन्होंने कहा कि स्कुल में तकरिबन 270 बच्चे नामांकित है ।जिसके लिए मात्र चार कमरे हैं।बच्चें–बच्चियां कमरें में बैठे थे।जिसमें बिजली गुल हो गई ।जिसके बाद गर्मी के कारण दो बेहोश हो गए।जिसे ग्लूकोस को घोलकर पिलाया गया।उन्होनों ने कहा कि चेतना सत्र के दौरान भी एक छात्रा अचानक बेहोस हो गयी थी। वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी(बीईओ) नितेश कुमार रंजन ने कहा कि बेहोसी का मामला संज्ञान में नहीं है।बाकि स्कुल शिक्षा की बुनियादी अवसं. रचना के लिए विभाग को लिखा गया है।इसमे स्कूल की कमियों को चिह्नित कर उन्हें दिया गया है।

# मारपीट मामले में दोषी को चार साल की सजा, कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और समर्पित चार्जशीट के आधार पर मारपीट के एक मामले में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला माननीय एडीजे–13 बिहारशरीफ, नालंदा की अदालत द्वारा सुनाया गया। मामला गिरीयक (पावापुरी) थाना कांड संख्या–365/21 से जुड़ा है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323 और 325 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अभियुक्त अजय प्रसाद, पिता दशरथ महतो, निवासी समचीसराय, थाना गिरीयक, जिला नालंदा को न्यायालय ने दोषी पाया। न्यायालय ने धारा 341 भादवि के तहत अभियुक्त को एक माह के कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 15 दिनों का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 323 भादवि के तहत छह माह के कारावास की सजा दी गई है। इसके अलावा धारा 325 भादवि के तहत अभियुक्त को चार वर्ष के कारावास एवं 3,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। इस मामले में विशेष लोक अभियोजक श्री महेश सिंह यादव ने न्यायालय में पक्ष रखा। नालंदा पुलिस ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

